# बिहार सरकार
# उद्योग विभाग

## संकल्प

संकल्प संख्या–4671 दिनांक–19.12.2014 द्वारा बिहार राज्य स्थित खादी ग्रामोद्योग संस्था/समिति के पुर्नरूद्धार योजना के अन्तर्गत रू0 44.45 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके तहत् बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना को रू0 14.83 करोड़ उपलब्ध कराया गया है। इस राशि में से बिहार में स्थित खादी संस्था/समितियों को फिक्सड कैपिटल की सुदृढ़ीकरण हेतु 4000 (चार हजार) नग मल्टी काउन्ट फाईवर चरखा 8 तकुए का (त्रिपुरारि मॉडल चरखा) उपलब्ध कराने हेतु ग्राम निर्माण मंडल, सर्वोदय आश्रम, सेखोदेवरा, नवादा को सहायक अनुदान के रूप में रू0 6,39,96,000/ (छः करोड़ उन्चालीस लाख छियानवे हजार रूपये) उपलब्ध करायी जायेगी।

2. यह राशि बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा खादी पुर्नरूद्धार योजना के अन्तर्गत प्राप्त एवं प्राप्त होने वाली राशि में से ग्राम निर्माण मण्डल, सर्वोदय आश्रम, सेखोदेवरा, नवादा को उपलब्ध कराई जायेगी।

3. चरखा के लिए 90 प्रतिशत अनुदान की राशि दी जायेगी, शेष राशि खादी संस्थाओं को स्वयं वहन् करना होगा।

4. ग्राम निर्माण मंडल द्वारा बिहार में स्थित खादी संस्थाओं को 4000 (चार हजार) नग मल्टी काउन्ट फाइबर चरखा उपलब्ध कराया जायेगा, जिसका Specification Controller General of Patents and Designs and trade Mark, भारत सरकार द्वारा Registered Design No. 226616 एवं 226617 दिनांक–01.01.2010 में ग्राम निर्माण मंडल, सर्वोदय आश्रम, सेखोदेवरा, नवादा को निर्गत है।

5. बिहार में स्थित खादी संस्था/समितियों को उपलब्ध कराये जाने वाले मल्टी काउन्ट फाईबर चरखा (त्रिपुरारि मॉडल) में लगने वाले कुल उपकरण (Parts) के कीमत का आधा कीमत के उपकरण (Parts) बिहार में निर्मित होनी चाहिए।

6. ग्राम निर्माण मंडल, सर्वोदय आश्रम, सेखोदेवरा, नवादा द्वारा त्रिपुरारि मॉडल मल्टी काउन्ट फाईबर चरखा खादी संस्था/समितियों के कार्यस्थल पर उपलब्ध कराया जायेगा तथा चरखा संचालन एवं अन्य तकनीकी जानकारी भी संस्था/समितियों को दी जायेगी।

7. ग्राम निर्माण मंडल द्वारा उपलब्ध कराये गये मल्टी काउन्ट फाईवर चरखा से कम से कम रू0 175–200 प्रतिदिन मजदूरी के रूप में कतिनों को प्राप्त हो सकेगी।

8. पूर्व में उद्योग विभाग के अधिसूचना ज्ञापांक–1511/ पटना दिनांक–29.03.2016 के आलोक में बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा 1000 (एक हजार) त्रिपुरारि मॉडल मल्टी काउन्ट फाईबर चरखा के लिए सहायक अनुदान 1,59,99,000/– (एक करोड़ उनसठ लाख निन्यानवे हजार) रूपये उपलब्ध कराया गया था, जिसका उपयोगिता प्रमाण पत्र विहित प्रपत्र में ग्राम निर्माण मंडल, सर्वोदय आश्रम, सेखोदेवरा, नवादा द्वारा खादी बोर्ड को उपलब्ध कराया जायेगा।

13/4/2017

प्रधान सचिव,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना

18

ज्ञापांक— 565 5/स०/बेविज (छिकुली कौन्सल)-13/2016 पटना, दिनांक— 17-2-17

प्रतिलिपिः— ग्राम निर्माण मण्डल, सर्वोदय आश्रम, सेखोदेवरा, नवादा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/2/2017

प्रधान सचिव,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक— 565 पटना, दिनांक— 17-2-17

प्रतिलिपिः— मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, गाँधी मैदान, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/2/2017

प्रधान सचिव,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक— 565 पटना, दिनांक— 17-2-17

प्रतिलिपिः— संयुक्त सचिव, उद्योग विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/2/2017

प्रधान सचिव,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक— 565 पटना, दिनांक— 17-2-17

प्रतिलिपिः— राज्य निदेशक, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, भेटनरी कॉलेज, शेखपुरा, पटना—14 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/2/2017

प्रधान सचिव,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना